विधानसभा आवश्यक

राजस्थान सरकार

निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2013/ 947 दिनांकः 22 अगस्त, 2013

1. समस्त प्राचार्य,
   राजकीय महाविद्यालय,
   राजस्थान।

2. समस्त सहायक निदेशक,
   क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा,
   राजस्थान।

विषयः विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तुरन्त भेजने बाबत।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित होगा कि 13वीं विधानसभा का ग्यारहवां सत्र दिनांक 26.08.2013 से प्रारम्भ होने जा रहा है। सत्र में सचिवालय स्तर से विधानसभा के महत्वपूर्ण प्रश्न कटौती प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव एवं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आयुक्तालय को प्राप्त होते है, जिनका उत्तर राज्य सरकार को समय पर भिजवाया जाना आवश्यक है।

यह देखने में आया है कि जब महाविद्यालयों से विधानसभा से संबंधित सूचना मांगी जाती है तो अधिकांश महाविद्यालयों से सूचना प्राप्त नहीं होती है। इसके अभाव में विधानसभा प्रश्न का उत्तर तैयार करने में बड़ी कठिनाई उत्पन्न होती है।

इस संबंध में कृपया आप सुनिश्चित करें कि विधानसभा से संबंधित चाही गई सूचना 24 घण्टे में इस निदेशालय को फैक्स द्वारा (फैक्स नम्बर– 0141–2706736 पर) भिजवा दी जावे। उसकी प्रति डाक द्वारा भी प्रेषित की जाये। इस हेतु वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी का मनोनयन कर उसका घर का पता, दूरभाष/मोबाईल नम्बर आदि निम्न तालिका में निदेशक कार्यालय को तीन दिवस में सूचित करें :–

क्र.सं.	अधिकारी का नाम	पता	टेलीफोन/मोबाईल नम्बर

विधानसभा के सत्र काल के दौरान जिम्मेदार अधिकारी/प्राचार्य मुख्यावास नहीं छोड़ेगें।

भवदीय,

अतिरिक्त निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2013/ दिनांकः अगस्त, 2013

प्रतिलिपिः डा0 धीरेन्द्र देवर्षि, व्याख्याता बेवसाईट प्रभारी, निदेशालय। कृपया उक्त पत्र को विभाग की बेवसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

अतिरिक्त निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर